महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगकियों पर संवाद

चर्चा में क्यों?

भारत के [राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार](#) ने संयुक्त राज्य अमेरिका में **महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों** के लिये भारत-अमेरिका वार्ता पहल (iCET) पर अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत की।

- लंबे समय से प्रतीक्षित [नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (NISAR)](#) पृथ्वी अवलोकन उपग्रह पर काम पूरा करना इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि अंतरिक्ष में भारत-अमेरिका साझेदारी विश्व को कैसे लाभान्वित कर सकती है।

iCET पहल:

- **परिचय:**
  - iCET पहल भारत और अमेरिका द्वारा मई 2022 में शुरू की गई थी, इसका संचालन दोनों **देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों** द्वारा किया जा रहा है।
  - iCET के तहत दोनों देशों ने सहयोग हेतु **छह क्षेत्रों की पहचान की है जिसमें सह-विकास और सह-उत्पादन शामिल होगा,** जिसे धीरे-धीरे [क्वाड](#), फिर [नाटो](#), यूरोप और शेष विश्व में विस्तारित किया जाएगा।
  - iCET के तहत अमेरिका के साथ भारत अपनी प्रमुख तकनीकों को साझा करने के लिये तैयार है और उम्मीद करता है कि वाशिंगटन भी ऐसा ही करेगा।
- **सहयोग के छह क्षेत्र:**
  - सहयोग के छह क्षेत्र जो कि वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास से संबंधित हैं, में **क्वांटम** एवं [आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस](#), डिफेंस इनोवेशन, स्पेस, एडवांस्ड टेलीकॉम जैसे- 6G और सेमीकंडक्टर्स क्षेत्र शामिल होंगे।
- **महत्त्व:**
  - **iCET दोनों देशों की सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग के बीच घनिष्ठ संबंधों में सुधार** करेगा।
  - इसका उद्देश्य विश्व को **किफायती अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों** की सुविधा प्रदान करना है।
  - महत्त्वाकांक्षी iCET वार्ता की शुरुआत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में **"रणनीतिक, वाणिज्यिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के संरेखण" के रूप में देखा जाता है।**
  - यह अंततः ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के अनौपचारिक गठबंधन **क्वाड** के विकास के रूप में परिलक्षित होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार:

- **‘राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार’ (NSA) ‘राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद’** की अध्यक्षता करता है और यह **प्रधानमंत्री का प्राथमिक सलाहकार भी है। वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल हैं।**
  - वर्तमान NSA के प्रमुख अजीत डोभाल हैं।
- भारतीय **NSC एक त्रिस्तरीय संगठन है जो रणनीतिक राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा और सुरक्षा संबंधी समस्याओं की देख-रेख करता है।**
  - इसका **गठन वर्ष 1998** में किया गया था और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करता है।
  - NSC, सरकार की कार्यकारी शाखा और खुफिया सेवाओं के बीच संपर्क स्थापित करते हुए प्रधानमंत्री के कार्यकारी कार्यालय के तहत कार्य करता है।

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/critical-and-emerging-technologies-dialogue